हरियाणा वन विभाग की तरफ से हर गाँव में लगाए जाएंगे पौधे

चर्चा में क्यों?

22 मई, 2022 को हरियाणा के वन मंत्री कंवरपाल ने बताया कि प्रदेश के हर गाँव को ग्रीन बनाने के लिये इस वर्ष प्रदेश के हर गाँव में वन विभाग की तरफ से पंचायत की खाली पड़ी ज़मीन पर पौधे लगाए जाएंगे।

प्रमुख बिंदु

- वन मंत्री कंवरपाल ने यह जानकारी कुरुक्षेत्र में हरियाणा पर्यावरण सोसायटी (एचईएस) द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव को लेकर ब्रह्मसरोवर के वीआईपी घाट पर हुए पौधारोपण अभियान के शुभारंभ के दौरान दी।
- वन मंत्री ने कहा कि इस वर्ष प्रदेश में वन विभाग की तरफ से 20 करोड़ से ज़्यादा पौधे लगाने के लक्ष्य को पूरा किया जाएगा।
- कंवरपाल ने कहा कि गाँव में पंचायत की जितनी ज़मीन खाली मिलेगी, उतनी ज़मीन पर पौधे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही प्रदेश के हर गाँव के शिव धामों में 10 से लेकर 100 पौधे लगाए जाने के कार्य को भी किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/plantation-in-every-village-of-haryana